भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4

उत्तर देने की तारीख 22 जुलाई, 2024
31 आषाढ़, 1946 (शक)

आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित परिवारों के लिए खेल क्रियाकलाप

4. श्री के. ई. प्रकाश:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित परिवारों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करने की कोई सरकारी योजना है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या आवश्यक कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) और (ख) : जी हां । सरकार आर्थिक बदहाली में रह रहे उत्कृष्ट खिलाड़ियों/ परिवार के सदस्यों को विभिन्न प्रयोजनों जैसे कि स्थिति में सुधार, चिकित्सा उपचार, चोटों, खेल उपकरणों की खरीद आदि के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से खिलाड़ियों के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय कल्याण कोष स्कीम कार्यान्वित कर रही है ।

****